श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

सच की ताकत, खबरों के साथ

9414917401 ♦ बुधवार ♦ 25 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 925

जन-चर्चा - कयासों एवं अनुमानों के दौर में अंदरखाने चल रही है जोड़-तोड़ की राजनीति

कहीं जिला परिषदों के लिए प्रधानी की बली ना लग जाए, स्थानीय नेताओं में ऊपरी समझौते का डर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवम्बर 2026। पंचायती राज चुनावों के परिणामों ने क्षेत्र में तीन दलों को ताकत दी है एवं बहुमत नहीं अधिकतम मत के नियम से कई नए समीकरण बनते एवं बिगड़ते नजर आ रहे है। क्षेत्र में चौपालों की चर्चा में हर दिन कई कयास एवं अनुमान लगाने का दौर चल रहा है एवं इस कयासों के दौर में अंदरखाने जोड़-तोड़ की राजनीति भी जारी है, पढ़ें विशेष खबर।

कहीं लग ना जाए जिला परिषदों के लिए प्रधानी की बली।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पंचायती राज चुनावों में हनुमान बेनीवाल की पार्टी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने प्रदेश भर में शानदार प्रदर्शन किया है। सोमवार को क्षेत्र में रालोपा नेता ने श्रीडूंगरगढ़ और रीड़ी दोनों पंचायत समितियों में रालोपा प्रधान बनने की पोस्ट ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। यहां दोनों ही समितियों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है परंतु सर्वाधिक वोट लेकर प्रधानी के लिए समर्थन जुटाने के कई प्रयास हो रहे है। चर्चा है कि रालोपा व भाजपा प्रदेश स्तर पर गठबंधन होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। प्रदेश भर में करीब एक दर्जन से ज्यादा जिला परिषद के प्रमुख भाजपा रालोपा के गठबंधन से बन सकते है, ऐसे में स्थानीय नेताओं को जिला परिषदों के गठबंधन में पंचायत समितियों की प्रधानी की बली लग जाने की चिंता भी सता रही है। अब तक रालोपा को किंगमेकर के रूप में देखा जा रहा था वहीं अब रालोपा की भूमिका को प्रदेश स्तरीय गठबंधन के बाद आंकना होगा।

भाजपा में सुमन का नाम सबसे आगे, कांग्रेस में खींचतान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ प्रधान का पद सामान्य महिला होने व रीड़ी पंचायत समिति प्रधान का पद अनुसूचित जाति का आने के कारण अनेक समीकरण बनते बिगड़ते नजर आ रहें है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ में भाजपा ने सामान्य वर्ग की सुमन गोविंद पारीक का नाम आगे कर रखा है। सुमन की सास पूर्व में पंचायत समिति सदस्य रह चुकी है एवं सरपंच चुनाव भी मात्र 14 वोट से हारी थी। इनके अलावा भी भाजपा में ताकत का सिद्धांत लागू किया जाना बताया जा रहा है। इस सिद्धांत में भाजपा के स्थानीय आलाकमान ने जीते हुए सदस्यों में से एक जाट एवं एक सिद्ध को फ्री हैंड दिया है कि रालोपा को ले आओ और प्रधान बन जाओ। इन चर्चाओं के बीच दूसरी ओर कांग्रेस के सामने संकट है, कि रिड़ी में अनुसूचित जाति के तीन सदस्य जीते है एंव चुनाव से पूर्व इन तीन सदस्यों को प्रधानी का वादा किए जाने की चर्चा है। अब उनमें खींचतान की खबरें भी सामने आ रही है। कांग्रेस में सूत्रों के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में डेलवां सुमित्रा बंशीधर पारीक का नाम सबसे आगे है। अन्य सदस्यों का समर्थन जुटाना सभी दावेदारों के लिए बड़ा टास्क है। रालोपा दोनों दलों की गणित बिगाड़ने की क्षमता में है और दलों में ऊपर तक के नेताओं में आपसी विचार विमर्श व दूसरे दल के नेताओं से चर्चा हो रही है।

भाजपा के प्रयास जोरों पर, दोनों के ही बाड़ेबंदी में फोन बंद

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। भाजपा में विधायक ताराचंद सारस्वत ने स्वयं बाड़ेबंदी की निगरानी संभाल रखी है व अपने विश्वसनीय लोगों को जिम्मेदारी दी है। दोनों और के विजयी सदस्य बाड़ेबंदी में है और जिला परिषद की एक विजयी सदस्य भी उनके पास बाड़ेबंदी में ही बताया जा रहा है। वहीं रालोपा के सदस्य नागौर बाड़ेबंदी में डाले गए है। श्रीडूंगरगढ़ में विधायक सारस्वत की अगुवाई में स्थानीय स्तर पर प्रधानी के प्रयास जोरों पर है। कांग्रेस की बाड़ेबंदी जैसलमेर जिले की ओर बताई जा रही है। बाड़ेबंदी की जिम्मेदारी केसराराम गोदारा, मुलाराम थोरी व सीताराम बाना सहित एक दो और विश्वसनीय लोगों के हाथ में है। सेंध की गुंजाईश नहीं रहें इसके लिए सदस्यों के फोन भी जिम्मेदारों के पास है।

आज जिला प्रमुख की तस्वीर होगी साफ, श्रीडूंगरगढ़ से चारों सदस्य भेजे गए इडी खेमे में..

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। आज, 25 नवंबर 2026 को जिला प्रमुखों की तस्वीर साफ हो जाएगी। ऐसे में प्रदेश स्तरीय गठबंधन के कारण प्रधानी पर पड़ने वाला प्रभाव भी स्पष्ट हो जाएगा। आज 1 बजे तक प्रधानी के पर्चे वापस लेने का समय रहेगा और इसी समय की समाप्ति पर गठबंधन के बारे में तस्वीर भी स्पष्ट हो जाएगी। इस बार आम चर्चा है कि बड़े नेताओं के बीच होने वाले समझौते के बाद जिला प्रमुख व प्रधानी तय होगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ से जिला परिषद के चारों कांग्रेस के विजयी सदस्य डूडी खेमे में आखिरकार सोमवार को भेज दिए गए है। पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने इन सदस्यों को पार्टी सिम्बल ही प्रत्याशी की बात कहते हुए इन्हें भेजा है। वहीं माकपा का समर्थन भी डूडी गुट को ही मिलने की चर्चाएं सामने आ रही है।

रालोपा की पोस्ट ने बढ़ाया ट्विस्ट

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ व रीड़ी के प्रधान रालोपा होने की पोस्ट भी खासी वायरल हो रही है। विदित रहें सामान्य महिला के लिए आरक्षित श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में रालोपा के पास 4 सीटें है इनमें सामान्य वर्ग का सदस्य नहीं है। एक सामान्य महिला सीट पर जीत कर आई सरिता प्रेमाराम जाट है वहीं एक पूजा किसनाराम धतरवाल है और दो एससी वर्ग की सीटें है। वहीं एससी के लिए आरक्षित रीड़ी में रालोपा के पास एससी वर्ग का कोई सदस्य नहीं है। ऐसे में रालोपा की प्रधानी की दावेदारी रहस्यमयी बताते हुए चर्चित हो रही है।

जिले में कांग्रेस से गठबंधन की चर्चा भी जोरों पर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। रालोपा द्वारा प्रदेश स्तरीय गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच एक चर्चा रालोपा के जिला स्तरीय गठबंधन की भी चल रही है। रालोपा अगर जिले में कांग्रेस के साथ प्रधानी का बंटवारा कर ले तो पूरे जिले में भाजपा का प्रधान बनने पर संकट आ जायेगा। ऐसे में यह चर्चा भी जोर खा रही है। बुधवार को जिला प्रमुख बन जाने के बाद गठबंधन की स्थितियां साफ हो जाएगी। वहीं स्थानीय नेता प्रधान बनाने के अपने अपने दांव चल रहें है। विदित रहें पंचायत समितियों के प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को सदस्यों की पहली बैठक के साथ ही होना है। पूरे अंचल की जनता को भी बेसब्री से प्रधान के बैठने का इंतजार है और गांवो की चौपालों पर यही चर्चा है। अब देखना ये होगा की किस दल की राजनीति सटिक बैठेगी और किसके हाथ प्रधानी आएगी।

श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में युवाओं का दबदबा, एक भी सदस्य टैक्सपेयर नहीं, सभी पहली बार बने जनप्रतिनिधि

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में सदस्यों की नई टीम में इस बार युवाओं का खासा दबदबा देखने को मिला है। पंचायत समिति के 19 वार्डों से निर्वाचित सभी सदस्य पहली बार चुनाव जीतकर जनप्रति निधि बने हैं। हालांकि कुछ सदस्यों के परिवार राजनीति में सक्रिय रहे हैं, लेकिन स्वयं के चुनावी सफर की शुरुआत उन्होंने इसी चुनाव से की है। निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रों का विश्लेषण करें तो नई पंचायत समिति की उम्र, शिक्षा, संपत्ति और आयकर से जुड़ी कई रोचक जानकारियां सामने आती हैं।

युवा सदस्यों की अच्छी भागीदारी, 24 वर्षीय पूजा सबसे युवा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पंचायत समिति के 19 सदस्यों में 10 सदस्य 30 से 42 वर्ष आयु वर्ग के हैं। वहीं शेष सदस्य 50 से 78 वर्ष की आयु के हैं। जालबसर की नवनिर्वाचित सदस्य पूजा किसनाराम धतरवाल महज 24 वर्ष की उम्र में पंचायत समिति पहुंची हैं और सबसे युवा सदस्य हैं। दूसरी ओर शेरूणा की राधादेवी 78 वर्ष की उम्र के साथ सबसे बुजुर्ग सदस्य हैं। इस तरह नई पंचायत समिति में युवा और अनुभवी आयु वर्ग का मिश्रण देखने को मिला है।

शिक्षा में पीछे नजर आई नई टीम

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पंचायत समिति सदस्यों के शिक्षा के आंकड़े भी काफी दिलचस्प हैं। 19 सदस्यों में केवल एक सदस्य भागीरथ प्रजापत मोमासर पोस्ट ग्रेजुएट हैं, जबकि सुमन गोविंद पारीक लिखमादेसर एकमात्र बीए पास सदस्य हैं। दो 10वीं और एक 12वीं उत्तीर्ण सदस्यों के अलावा 14 सदस्य केवल साक्षर हैं। यानी पंचायत समिति में उच्च शिक्षित सदस्यों की संख्या बेहद कम है।

टैक्सपेयर कोई नहीं, आयकर फाइल करने वाले गिने-चुने

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सदस्यों के शपथ पत्रों में आयकर संबंधी जानकारी भी चर्चा का विषय है। उपलब्ध विवरण के अनुसार किसी भी सदस्य ने स्वयं को नियमित आयकरदाता के रूप में प्रस्तुत नहीं किया है। हालांकि कुछ सदस्यों ने आयकर रिटर्न दाखिल करने का विवरण दिया है। कंचन राजपुरोहित, सुमित्रा ब्राह्मण और केसरदेवी सिद्ध ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयकर फाइल की है, जबकि शांतिदेवी सारस्वत और रुक्मणि जाट ने वर्ष 2026-27 के लिए स्वयं एवं पति के नाम आयकर फाइल करने का उल्लेख किया है। इस प्रकार आयकर फाइल करने वाले सदस्यों की संख्या भी कम ही है।

संपति के आंकड़ों में भी कई चौंकाने वाले तथ्य

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। शपथ पत्रों में घोषित संपत्तियों पर नजर डालें तो गुसाईंसर बड़ा की शांतिदेवी सारस्वत और शेरूणा की राधादेवी जाट सबसे संपन्न सदस्यों में शामिल हैं। शांतिदेवी के नाम श्रीडूंगरगढ़ में प्लॉट, दुकान और कृषि भूमि सहित करीब 57.18 लाख रुपए की संपत्ति घोषित है, जबकि उनके पति की संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 54.70 लाख रुपए बताया गया है। वहीं राधादेवी के पति के नाम 15 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसका घोषित मूल्य करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए है। बेनीसर की केसरदेवी सिद्ध के पति के नाम कृषि भूमि और प्लॉट सहित करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपए की संपत्ति बताई गई है। डेलवां की सुमित्रा ब्राह्मण और उनके पति के नाम 40-40 बीघा कृषि भूमि घोषित है, जिसका कुल मूल्य करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपए है। वहीं कई सदस्य ऐसे भी हैं जिनके पास भूमि और भवन जैसी अचल संपत्ति नहीं है।

राजनीतिक पारी की शुरुआत, सभी पहली बार जीते

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। इस चुनाव का एक खास पहलू यह भी है कि 19 में से किसी भी सदस्य ने इससे पहले पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीतने का अनुभव नहीं लिया है। अधिकांश ने पहली बार चुनाव मैदान में उतरकर जीत हासिल की है। बेनीसर की केसरदेवी सिद्ध पूर्व में सरपंच का चुनाव हार चुकी हैं और उपसरपंच भी रह चुकी हैं, जबकि कितासर बीदावतान के तिलोकचंद मेघवाल वर्ष 2019 में सरपंच का चुनाव लड़ चुके हैं। बाकी सदस्यों के लिए यह चुनावी राजनीति में पहली बड़ी सफलता है।

नवनिर्वाचित सरपंच ने कार्यभार ग्रहण कर आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प लिया, मौजिज ग्रामीणों ने किया सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। क्षेत्र में नवनिर्वाचित सरपंचों के कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत ऊपनी में नवनिर्वाचित सरपंच तुलछा देवी पत्नी हरिराम गोदारा ने विधि विधान से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में ग्राम विकास अधिकारी रामरतन सियाग ने लिछमा देवी को चाबियां व मोहर सौंपी। अनेक मौजिज ग्रामीणों ने लिछमा देवी का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। सरपंच तुलछा देवी ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए पंचायत क्षेत्र के चंहुमुखी विकास करवाने, कार्यों में पारदर्शिता और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। सरपंच ने ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गोदारा, उपसरपंच उर्मिला, ग्राम पंचायत के सभी वार्ड पंच एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहें।





नकली नोट प्रकरण में एक युवक को किया गिरफ्तार, तेलंगाना जीआरपी की कार्रवाई

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। नकली नोट प्रकरण में तेलंगाना जीआरपी की टीम ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र से एक युवक गिरफ्तार किया है। तेलंगाना रेलवे पुलिस ने 2 नवंबर 2026 को सिंकदराबाद में कल्याणसर पुराना निवासी 19 वर्षीय शिवरतन महिया को नकली नोटों की खेप के साथ गिरफ्तार किया। इसी मामले में पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने ये नोट जयपुर से हैदराबाद के रास्ते मुंबई ले जाने की बात कही और ये नोट ओमप्रकाश से लेना बताया। इसी मामले की जांच में तेलंगाना जीआरपी टीम ने सोमवार को श्रीडूंगरगढ़ पहुंचकर एक आरोपी युवक ओमप्रकाश पुत्र विजयपाल नैण निवासी जेतासर को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक को बीकानेर न्यायालय में पेश करके ट्रांजिट रिमांड लेकर रेलवे पुलिस टीम तेलंगाना के लिए रवाना हो गई है। बता देवें क्षेत्र में लगातार नकली नोटों से जुड़े मामले सामने आ रहें है। विदित रहें इसी साल 10 जनवरी, 21 मई को उसके बाद 23 जून को श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने नकली नोटों के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाईयां की। 28 जुलाई को एक सप्लायर को गिरफ्तार किया। 6 मई को छापर में हुए मामले के तार भी श्रीडूंगरगढ़ से जुड़े हुए पाए गए।

बदलाव से न घबराएं, कल कुछ बेहतर मिल सकता है

भैरव मंदिर में मूर्ति चोरी प्रकरण में ग्रामीणों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। गांव तोलियासर के विश्व रक्षक भैरव मंदिर में ग्रामीणों ने मंगलवार को मंदिर प्रांगण में हुए मूर्ति चोरी प्रकरण में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि 14 साल पहले मंदिर परिसर से पौराणिक मूर्ति चोरी का विरोध करते हुए आज काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए पौराणिक मूर्ति की तलाश पूरी करने, दोषियों को सजा देने व मंदिर में विधि विधान से स्थापित करवाने की मांग की। इस मौके पर कमल सिंह राजपुरोहित, चम्पाला लसिंह, रामचंद्रसिंह, सीता रामसिंह, श्रवणसिंह, जससिंह, अर्जुनसिंह, मदनसिंह, जुगलसिंह, मालसिंह, बंशीलाल, नोरतनसिंह, अशोक सिंह, जेठूसिंह सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहें।

चम्बल नदी में 20 घड़ियाल हैचलिंग्स का पुनर्वास

चम्बल नदी में घड़ियालों के संरक्षण एवं उनकी प्राकृतिक आबादी को मजबूत बनाने की दिशा में वन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य के पालीघाट में मंगलवार को 20 घड़ियाल हैचलिंग्स को रेडियो/वेरी हाई फ्रीक्वेंसी (VHF) टैग लगाकर उनके प्राकृतिक आवास चम्बल नदी में छोड़ा गया। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. अरुण प्रसाद ने इन हैचलिंग्स को नदी में पुनर्स्थापित किया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एवं क्षेत्र निदेशक, रणथम्भौर बाघ परियोजना शारदा प्रताप सिंह, उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक मानस सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। तीन चरणों में 80 घड़ियालों के पुनर्वास का लक्ष्य– मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एवं क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना शारदा प्रताप सिंह ने बताया कि यह पहल घड़ियाल पारिस्थितिकी परियोजना के तहत की जा रही है। इस वर्ष कुल 80 घड़ियालों की टैगिंग कर उन्हें तीन चरणों में प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके प्रथम चरण में मंगलवार को 20 हैचलिंग्स को चम्बल नदी में छोड़ा गया है। शेष हैचलिंग्स को फरवरी माह के अंत तक नदी में पुनर्स्थापित किया जाएगा।



चार दिन से यातायात सुधारने में जुटें थानाधिकारी, खुद संभाल रहे मोर्चा, क्षेत्रवासियों से की सहयोग की अपील







श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। कृषि मंडी में मूंगफली सहित अन्य जिंसों की बढ़ती आवक और शादी-विवाह के सीजन के बीच कस्बे में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्कूलों की छुट्टी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने वाली बसों के कारण विशेषकर शाम 4 से 6 बजे तक घूमचक्कर व बीदासर रोड पर जाम की स्थिति बन रही है। यातायात सुधार के लिए घूमचक्कर पर बेरिकेट्स लगाए गए है। इस समस्या को लेकर श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स ने पूर्व में खबर को प्रमुखता से प्रसारित करते हुए आमजन की परेशानी और यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को उठाया था। इसके बाद पिछले चार दिनों से यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव स्वयं सर्किल पर मौजूद रहकर पुलिस स्टाफ के साथ यातायात सुचारू करवाने में जुटे हैं। थानाधिकारी कश्यपसिंह ने ग्रामीणों से अपील की है कि बीदासर रोड की तरफ जाने वाले वाहन एसडीएम कार्यालय के पास से दाएं मुड़कर बीदासर रोड की ओर जाएं। वहीं बीदासर रोड से आने वाले ग्रामीण बीकानेर की तरफ जाने के लिए निर्धारित कट से होकर आगे बढ़ें। सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े 5-6 चौपहिया वाहनों को पुलिस द्वारा थाने ले जाया गया है। थानाधिकारी के अनुसार इन वाहनों के चालान किए जाएंगे और यातायात बाधित करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जब तक यातायात व्यवस्था सामान्य नहीं हो जाती, तब तक वे स्वयं और पुलिस स्टाफ की ड्यूटी लगाकर यातायात सुगम बनाने का प्रयास जारी रखेंगे।



बन्द मकान के ताले तोड़ चोरों ने पूरा घर खंगाला, उथल पुथल किया सारा सामान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। शहर के कालू बास में चेतन माली का कुआं क्षेत्र में एक बन्द पड़े मकान के ताले तोड़ कर चोरों ने पूरा घर खंगाल लिया। चोरों ने सारा सामान अस्त व्यस्त कर दिया और सभी कमरे उथल पुथल कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल के माथाभांगा में रहने वाले प्रवासी बाबूलाल भादानी के मकान में चोरों ने सेंध मारी कर ली। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर का ताला, घर के अंदर रसोई व दो कमरों के ताले तोड़े। खूब छानबीन कर सामान चोरी किया। वहीं नुकसान का आंकलन मालिक के आने पर ही हो सकेगा। चोरों ने लौटते हुए बाहर के मुख्य दरवाजे पर नया ताला जड़ दिया। जिससे चोरी का जल्दी से शक ना हो। मकान की सार संभाल करने वाले जब मंगलवार शाम को यहां पहुंचे तो ताले में चाबी नहीं लगी। जब ताला नया देखा तो आस पास के लोगों को एकत्र किया और जब घर में गए तो सभी के होश उड़ गए। पूरा घर अस्तव्यस्त मिला। मालिक व पुलिस को सूचना दे दी गयी।शहर में अनेक बन्द मकान लगातार चोरों का निशाना बन रहें है। वहीं कुछ लोग अधिक किराए के चक्कर मे भी मकान किराए नहीं देते जिससे ये आसान टारगेट बनते है।

सपा ने कांग्रेस को 26 सीटों का प्रस्ताव दिया, गठबंधन पर जल्द सहमति के आसार

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर मंगलवार को दूसरे दौर की बातचीत हुई। दोनों दलों के नेताओं ने बैठक के बाद कहा कि आज की बैठक भी कल की तरह सकारात्मक माहौल में सीट-दर-सीट चर्चा की और अगले दो दौर की बैठकों में सीटों के बंटवारे पर सहमति बनाकर गठबंधन को अंतिम रूप दिये जाने की उम्मीद जतायी। कांग्रेस सांसद एवं उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के आवास पर आज भी बातचीत का सिलसिला जारी रह और जल्द ही गठबंधन तथा सीटों के बंटवारे पर अंतिम निर्णय को लेकर दो दौर की और बैठकें होगी। दोनों दलों के नेताओं ने सीटों और जीत की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की। कांग्रेस पहले ही सपा को 130 सीटों की सूची सौंप चुकी है। दोनों दलों नेताओं ने बातचीत के अभी एक-दो दौर की और बैठके होने की बात कही है।इसके बाद सीटों के बंटवारे पर फैसला होने की उम्मीद जतायी है। बैठक के बाद सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच आमने-सामने और सीट-दर-सीट चर्चा हुई है। सपा ने कांग्रेस को कुल 26 सीटों का प्रस्ताव दिया है।

देव दिवाली पर मंदिरों में रौनक, श्रद्धालुओं ने जलाए दीपक, मांगी क्षेत्र में खुशहाली









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 25 नवंबर 2026। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थलों के साथ ही क्षेत्र के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों में रौनक रही। महिलाओं ने कार्तिक स्नान के अनुष्ठान आज संपन्न किए। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन हुए। शाम को महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। सभी मन्दिर दीपों की रोशनी से झिलमिलाते नजर आए। इस अवसर पर महिलाओं ने पीपल, बड़, तुलसी एवं बिल्वपत्र के वृक्षों के नीचे दीपक जलाकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। वहीं अनेक महिलाओं ने मंदिरों में 365 बातियों के दीप भी प्रज्वलित किए। दीपदान के बाद श्रद्धालु मंदिरों में आयोजित आरती में शामिल हुए और भगवान से क्षेत्र सहित अपने परिवारों में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।











जिला प्रमुख का निर्वाचन बुधवार को, जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा

बीकानेर। जिला प्रमुख के निर्वाचन के लिए बैठक बुधवार को जिला परिषद में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला प्रमुख निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी श्री निशान्त जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा ने जिला परिषद परिसर पहुंचकर चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रमुख के निर्वाचन के लिए सुबह 10 बजे बैठक प्रारंभ होगी। सुबह 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11:30 बजे तक होगी। अभ्यर्थी दोपहर 1 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। यदि मतदान की आवश्यकता हुई तो दोपहर 3 से सायं 5 बजे के मध्य मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी।जिला परिषद के बाहर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उम्मेद सिंह रतनू, एडीएम सिटी श्रीमती रीना, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री दिलीप कुमार, नगर निगम उपायुक्त श्री रणजीत बिजारणिया तथा सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, निर्वाचन शाखा के श्री शिव कुमार पुरोहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सूर्यवंशी ने सबसे तेज़ शतक और दोहरा शतक लगाकर लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में नया अध्याय लिखा

युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को यूएई के खिलाफ इंडिया ए के मैच में शानदार और साहसिक पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 53 गेंदों में 204 रन बनाए, जिसमें विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए 28 छक्के शामिल थे। इस पारी के साथ उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। 15 साल के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक और दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपनी ज़बरदस्त पावर-हिटिंग से विपक्षी टीम की गेंदबाज़ी को पूरी तरह बेअसर कर दिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 28 गेंदों में अपना शतक और 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने 2024 में क्राइस्टचर्च में ओटागो के खिलाफ कैंटरबरी के चैड बोवेस द्वारा बनाए गए 103 गेंदों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले, 2022 में बेंगलुरु में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ तमिलनाडु के एन. जगदीसन ने 114 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था, जबकि इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने भी 2026 में रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ 114 गेंदों में ही यह उपलब्धि हासिल की थी। इस युवा खिलाड़ी के 28 छक्के भी बेहद शानदार रहे, जो किसी भी पेशेवर क्रिकेट मैच की एक पारी में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने 2024 में रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ हैदराबाद के लिए तन्मय अग्रवाल द्वारा बनाए गए 26 छक्कों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 2015 में प्लंकेट शील्ड में ऑकलैंड के लिए सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ खेलते हुए कॉलिन मुनरो ने, और 2018 में वनडे कप में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए क्वींसलैंड के खिलाफ खेलते हुए डार्सी शॉर्ट ने अपनी-अपनी पारियों में 23-23 छक्के लगाए थे। यह एक ऐसी पारी थी जिसमें गेंद बार-बार बाउंड्री के पार जा रही थी। अंत में सूर्यवंशी ने 7 चौके और 28 छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट लगभग 385 रहा। इतिहास तब बना जब उन्होंने इबरार अहमद की एक गेंद को सीधे गेंदबाज के सिर के ऊपर से बाउंड्री के पार भेजकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना हेलमेट उतारा, बल्ला ऊपर उठाया और दर्शकों की तालियों का अभिवादन किया, जबकि इंडिया ए के ड्रेसिंग रूम में मौजूद सभी लोग उनके सम्मान में खड़े हो गए। लेकिन उनका आक्रामक खेल यहीं खत्म नहीं हुआ। सूर्यवंशी ने अपना हमला जारी रखा और बासिल हमीद की गेंद को डीप मिड-विकेट के ऊपर से छक्के के लिए भेजकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। यह उनका 28वां छक्का था। उन्होंने अपना बल्ला ऊपर उठाया और उसे चूमा, जबकि उनके साथी खिलाड़ी इस शानदार उपलब्धि पर तालियां बजाने के लिए खड़े हो गए। उनकी यह अद्भुत पारी तब समाप्त हुई जब हमीद की गेंद पर आर्यनश शर्मा ने उनका कैच लपक लिया। सूर्यवंशी 53 गेंदों में 204 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें उन्होंने 7 चौके और 28 छक्के जड़े थे। 28 गेंदों में शतक लगाकर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर-मैकगर्क के उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो उन्होंने 2023 में तस्मानिया के खिलाफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए 29 गेंदों में बनाया था। दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स ने 2015 में जोहान्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 गेंदों में शतक पूरा किया था, जबकि बिहार के साकिबुल गनी ने 2025 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों में यह कारनामा किया था। सूर्यवंशी ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज़ 150 रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया; उन्होंने केवल 40 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 59 गेंदों में शतक बनाने के अपने ही पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया, जो उन्होंने 2025 में रांची में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ बिहार की ओर से खेलते हुए बनाया था। एबी डी विलियर्स ने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड के जोस बटलर ने 2022 में नीदरलैंड के खिलाफ 150 रन तक पहुंचने के लिए 65 गेंदें ली थीं। इस प्रदर्शन को और भी खास बात यह बनाती है कि सूर्यवंशी ने बार-बार यह दिखाया है कि उनमें बहुत ही तेज गति से शतक (तीन अंकों के आंकड़े) तक पहुंचने की असाधारण क्षमता है। उनके अन्य शतकों में 2025 में दोहा में यूएई के खिलाफ इंडिया ए के लिए 32 गेंदों में बनाया गया शतक, 2025 में जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में बनाया गया शतक, अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ बिहार के लिए और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 36-36 गेंदों में बनाए गए दो शतक, और महाराष्ट्र के खिलाफ बिहार के लिए 58 गेंदों में बनाया गया शतक शामिल हैं। महज 15 साल की उम्र में, सूर्यवंशी ने एक ऐसी पारी खेली है जिसने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह साबित कर दिया है कि वे विश्व क्रिकेट के सबसे आक्रामक युवा बल्लेबाजों में से एक के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

